**CBSE Class 06 Hindi**
**NCERT Solutions**
**पाठ-08 ऐसे-ऐसे**

**1. 'सड़क के किनारे एक सुंदर फ्लैट में बैठक का दृश्य। उसका एक दरवाजा सड़क वाले बरामदे में खुलता है .........उस पर एक फ़ोन रखा है।'**
**इस बैठक की पूरी तस्वीर बनाओ।**
**उत्तर:-** सड़क के किनारे एक सुंदर फ्लैट में बैठक का दृश्य---

उसका एक दरवाज़ा सड़क वाले बरामदे में खुलता है। बरामदे में रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियाँ रखी हैं , अंदर बैठक में दीवारों पर हल्का पीला रंग लगा है। एक तरफ़ सोफ़ा -सेट और दूसरी तरफ़ टी.वी रखा हुआ है। टी.वी के पास में एक छोटी मेज़ पर गुलाबी कपड़ा बिछा है और उस पर एक फोन रखा है।

**2. माँ मोहन के 'ऐसे-ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रही थी?**
**उत्तर:-** मोहन के पेट में दर्द हो रहा था जिसका कारण भी पता नहीं चल रहा था। वह पेट पर हाथ रखकर ज़ोर-ज़ोर से कराह रहा था। वह कल स्कूल भी नहीं जा पाएगा ;न जाने उसे क्या बीमारी हो गई है। यह सोच-सोचकर मोहन की माँ घबरा रही थी।

**3. ऐसे कौन-कौन से बहाने होते हैं जिन्हें मास्टर जी एक ही बार में सुनकर समझ जाते हैं ? ऐसे कुछ बहानों के बारे में लिखो।**
**उत्तर:-** निम्नलिखित बहानों को मास्टरजी अच्छी तरह से जानते हैं -
1. पेट में दर्द
2. सिर में दर्द
3. चक्कर आना व जी घबराना
4. होमवर्क की कॉपी घर भूल आना
5 . माता -पिता के साथ कहीं जाना
6 . पिताजी का शहर से कहीं बाहर जाना

**4. मान लो कि तुम मोहन की तबीयत पूछने जाते हो। तुम अपने और मोहन के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखो।**
**उत्तर:-** मैं : मोहन, कैसे हो?
मोहन : ठीक नहीं, कुछ दिनों से पेट में बहुत दर्द है
मैं : डॉक्टर को दिखाया?तुमने कोई दवा ली है या नहीं ?
मोहन : हाँ, परंतु कोई कारण पता चल नहीं रहा है और कोई दवा काम नहीं कर रही है ।

मैं : लगता है कि समस्या गंभीर है! अपना ख्याल रखना। मैं शाम को फ़ोन करके फिर -से हाल-चाल पता करूँगा। अब चलता हूँ ।

**5. 'नाटक' शब्द का आम ज़िंदगी में कब-कब इस्तेमाल किया जाता हैं? सोच कर लिखो।**

**उत्तर:-** 'नाटक' शब्द का आम ज़िंदगी में तब इस्तेमाल किया जाता हैं जब कोई दिखावा कर रहा होता है या कोई बहाना बनाता है ।

**भाषा की बात**

**6. (क) मोहन ने केला और संतरा खाया।**
**(ख) मोहन ने केला और संतरा नहीं खाया।**
**(ग) मोहन ने क्या खाया?**
**(घ) मोहन केला और संतरा खाओ।**
**उपर्युक्त वाक्यों में से पहला वाक्य एकांकी से लिया गया है। बाकी तीन वाक्य देखने में पहले वाक्य से मिलते-जुलते हैं, पर उनके अर्थ अलग-अलग हैं।**
**पहला वाक्य किसी कार्य या बात के होने के बारे में बताता है। इसे विधिवाचक वाक्य कहते हैं।**
**दूसरे वाक्य का संबंध उस कार्य के न होने से है, इसलिए उसे निषेधवाचक वाक्य कहते है। (निषेध का अर्थ नहीं या मनाही होता है।)**
**तीसरे वाक्य में इसी बात को प्रश्न के रूप में पूछा जा रहा है, ऐसे वाक्य प्रश्नवाचक कहलाते हैं।**
**चौथे वाक्य में मोहन से उसी कार्य को करने के लिए कहा जा रहा है इसलिए उसे आदेशवाचक वाक्य कहते हैं।**
**अगले पृष्ठ पर एक वाक्य दिया गया है। इसके बाकी तीन रूप तुम सोचकर लिखो -**
**बताना : रुथ ने कपड़े अलमारी में रखे।**
**नहीं/मना करना : ______**
**पूछना : ______**
**आदेश देना : ______**
**उत्तर:-**

| | |
|---|---|
| विधिवाचक वाक्य | रुथ ने कपड़े अलमारी में रखे। |
| निषेधवाचक वाक्य | रुथ ने कपड़े अलमारी में नहीं रखे। |
| प्रश्नवाचक वाक्य | क्या रुथ ने कपड़े अलमारी में रख दिए? |
| आदेशवाचक वाक्य | रुथ !कपड़े अलमारी में रखो। |